तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 1 सितंबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

सबरिया समुदाय के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने दी जा रही ट्रेनिंग
2



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल का स्थापना दिवस समारोह आज

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल का 17 वां स्थापना दिवस समारोह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज एवं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के आतिथ्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में अतिथियों के आगमन पर कैडेट उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देंगे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन उपरांत केक काटकर उत्सव मनाया जाएगा। स्वागत भाषण उपरांत कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि अपने संबोधन उपरांत स्कूल स्टॉफ के साथ चाय पीने के उपरांत रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### सड़कों की बदहाली को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**अम्बिकापुर।** नगर निगम की कार्यशैली, पीडब्ल्यूडी और एनएच की सड़कों की बदहाली के लेकर कांग्रेस का आंदोलन अब सोमवार 1 सितम्बर को होगा। कांग्रेस ने पूर्व में 3 सितम्बर को आन्दोलन की घोषणा की थी लेकिन अब इसकी तिथि में संशोधन किया गया है। नगर निगम के नेता विपक्ष शफी अहमद ने बताया जिला कांग्रेस के नेतृत्व में सोमवार दोपहर 1 बजे से जय स्तम्भ चौक पर आम सभा होगी। इसके बाद कांग्रेसजन सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज मार्ग होकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे।इस कार्यक्रम में एआइसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव भी शामिल होंगे।

### हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का 13 को

**अम्बिकापुर।** राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा केएल चरयाणी के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अम्बिकापुर के अंतर्गत सभी न्यायालयों में हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, व्यवहार प्रकरण, चैक बाउंस प्रकरण, पारिवारिक विवाद, दुर्घटना संबंधी दावा, मजदूरों सं संबंधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण प्रकरण, राजस्व प्रकरण, विद्युत चोरी संबंधी प्रकरण जैसे प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों का भी निराकरण आपसी सहमति के माध्यम से किया जा सकता है।

### पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग गस्त अभियान, पकड़े 8 वारंटी

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बीती रात कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने रात 12 बजे से 5 बजे भोर तक 4 संदेहियो, 66 गुंडा बदमाश, 37 निगरानी बदमाश, जिला बदर की औचक चेकिंग कर गुजर बसर चेक किया गया। इस दौरान उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। पूर्व मे संपत्ति सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों एवं ज़मानत से छूटे हुए पूर्व के कुल 17 आरोपियों की भी चेकिंग कर अपराध की पुनरावृति करने वाले आरोपियों कों गुंडा बदमाश की सूची मे लाये जाने एवं उक्त बदमाशों पर बॉन्ड ओवर की कार्रवाई किए जाने की सख्त हिदायत दी। पुलिस टीम ने देर रात तक बेवजह घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों-मुसाफिरो को रोककर पूछताछ कर चेकिंग कर छोड़ा गया। गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा बैंक, एटीएम एवं लॉज, ढाबों को भी चेक किया। अभियान के दौरान लुक छिप कर रह रहे 1 स्थाई वारंट, 7 गिरफ्तारी वारंट कुल 8 वारंटियों कों भी पकड़ा गया है।

आया था ब्याज का पैसा लेने

# रेण नदी में मिला एमपी के व्यापारी का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

चपोता रेण नदी किनारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक एमपी का रहने वाला था और ब्याज में पैसे देने का काम करता था। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है और शोर्ट पीएम में भी गला दबाए जाने के लक्षण मिले है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

**खास बात**
- ब्याज में पैसे लगाने का करता था काम, जांच में जुटी बलंगी पुलिस

बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम 4 बजे बलंगी थाना क्षेत्र के चपोता रेण नदी किनारे मवेशी चरा रहे लोगों ने पुल के समीप एक शव को पानी में देखा था। ग्रामीणों ने घटना की ⏭ शेष पेज 4 पर



शव लेकर जाते परिजन व पुलिस टीम।

**गला घोटने के मिले सबूत**

शिवराज सिंह की हत्या किए जाने की शंका व्यक्त की गई है। शिवराज सिंह का शव नदी में पड़ा हुआ था जबकि घटना स्थल से 50 मीटर ऊपर की ओर मृतक की बाइक पड़ी हुई थी। प्रथम दृष्टया बाइक को फेंकने की बात सामने आई है। संदेहास्पद मौत के मामले में फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची थी लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं मिले। इधर प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में चिकित्सक ने गला दबाकर हत्या किए जाने की शंका व्यक्त की है लेकिन अधिकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है। हत्या की आशंका पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है वहीं परिजन ने जिस व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया था उसने खुद ही रमकोला थाना में जाकर पुलिस को सूचित कर दिया।

# माइल स्टोन से टकराई बाइक, किशोर-किशोरी की मौत

**शंकरगढ़/राजपुर।** बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर माइल स्टोन से टकरा गई। इस घटना में किशोर व किशोरी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा रविवार को शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरगवां में 31 अगस्त की रात लगभग 1 बजे तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक के चालक माइल स्टोन से टकरा गए। बाइक सवार

- दनगरी फाल से घूमने के बाद सेवारी जा रहे थे बाइक सवार, जांच में जुटी पुलिस



युवकों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद वे उछलकर 50 फीट दूर खेत में जा गिरे। खेत में भी पत्थर मौजूद था जिससे टकराकर बाइक सवार किशोर और किशोरी की मौत हो गई।

बाइक सवारों के साथ मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक किशोर व किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बलरामपुर अघौरा निवासी 17 वर्षीय देवराज दास आ. गौरी शंकर दास व मूलतः झारखंड के महुआडांड चोटिया हाल मुकाम हर्रा टोली निवासी 17 वर्षीय बिंदु बघेल आ. सुखदेव बघेल के रूप में की गई है। मृतिका बिंदु अपने रिश्तेदार चमरू दास के घर रहती थी। अब तक की जांच में जो बात सामने आई है उसके अनुसार ⏭ शेष पेज 4 पर

# आमगांव खदान परिसर में ट्रक मालिक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान में कोयला लोड लेने गए वाहन स्वामी ने देर रात अपने ट्रक में ही गमछे का फंदा बना लटककर आत्म हत्या कर ली है, खुदकुशी करने से पहले युवक ने अपने बड़े भाई से मोबाइल पर वीडियो कॉल में बात भी किया, खुदकुशी करने जाने की जानकारी दी और अपना रोते हुए भावुक वीडियो भी रिकॉर्ड किया है।

- पत्नी के चले जाने व गाड़ी की किश्त नहीं भर पाने की समस्याओं को झेल नहीं पाया

बताया गया कि अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 8459 का चालक मनोज जाट 38 वर्ष निवासी डभरा जिला जांजगीर चांपा मूल निवासी आगरा यूपी, जो स्वयं वाहन का स्वामी भी था और खुद अपनी वाहन चलाता था,बीती रात कोयला लोड लेने के लिए वह आमगांव खदान पहुंचा था रात्रि में उसकी गाड़ी खदान के 5 नम्बर कांटे के पास खड़ी थी,सुबह उसकी गाड़ी लोड होनी थी,इसी दौरान देर रात उसने वाहन के डाला में खुद के गमछा से फांसी लगा खुदकुशी कर ली है।सुबह जब अन्य वाहनों के चालक जो खदान परिसर में ही थे,अचानक उसके शव को ट्रक के डाला में लटका पाया जिसकी सूचना आग की तरह खदान में फैल गई।तत्काल खदान के अधिकारी मौके पर पहुंच रामानुजनगर पुलिस को घटना की सूचना दी है।पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है।घटना की सूचना पर मृतक का बड़ा भाई जय किशन सिंह भी मौके पर पहुंच गया है,जानकारी के मुताबिक मूलतः आगरा यूपी निवासी मृतक मनोज जाट पहले वाहन चालक का काम करता था, वह फिलहाल जांजगीर चांपा के डभरा में रहता था छत्तीसगढ़ में ही उसने प्रेम विवाह किया था,उसके दो लड़के और एक साल की बेटी है,उसकी पत्नी एक साल की बेटी को लेकर किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई जिससे वह काफी परेशान हो गया।अभी कुछ दिन पहले उसकी बेटी का जन्मदिवस था,वीडियो में मृतक बोल रहा था कि उसकी पत्नी ने बेटी का जन्म दिन नहीं मनाने दिया।मैं जा रहा हूं मेरा चेहरा बच्चों को दिखा देना गाड़ी पंद्रह लाख तक बिक जाएगी, इसको बेचकर पैसा मेरे बच्चों के नाम कर देना।बताया गया कि उसके दो बेटे को उसने कुछ समय पूर्व आगरा भेज दिया था। घटना के बाद खदान प्रबंधन ने पुलिस को और डीजीएमएस को मामले की सूचना भेज दी है, आमगांव के सब एरिया मैनेजर विजय कुमार और एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने बताया कि मृतक के पीएम के बाद शव को उनके गृह ग्राम आगरा भेजने के लिए प्रबंधन ने वाहन की व्यवस्था कर दी है।

इस संबंध में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेंद्र साहू ने बताया कि मृतक मनोज जाट जिला शक्ति के डबरा का निवासी है ट्रक में ही फांसी लगाकर आत्महत्या किया है, क्या कारण है इसकी अभी जांच चल रही है।



**मानसिक रूप से टूट चुका था मृतक**

प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक की गाड़ी दो हफ्तों से कोल लोडिंग नहीं ले पा रही थी,खदान मैनेजर ने इसकी गाड़ी को शॉर्ट टाइम ब्लैक लिस्ट भी किया हूआ था,इस दौरान बूम बैरियर के क्लर्क द्वारा गाड़ी लोडिंग पॉइंट शिफ्ट करने के लिए लगातार मनोज से पैसे की मांग की जा रही थी,बताया गया कि 2 सितम्बर को गाड़ी की किश्त पटाने की भी आखिरी तारीख थी,दो हफ्तों से परिसर में ही गाड़ी रहने से मृतक काफी परेशान था,इसके बाद घर से पत्नी के चले जाने की सूचना आने पर मृतक मनोज मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया,जिंदगी की हिम्मत हार गया और आत्महत्या करने से पहले उसने भाई से बात कर भावुक वीडियो बनाया जो कि वायरल हो रहा है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अपहरण के मामले में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** युवक का अपहरण कर तीन लाख की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में दो अन्य आरोपी पकड़े गए थे। इस गिरोह के दो आरोपी अभी भी फरार चल रहे है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है।



- लकड़ी तस्करों ने किया था मुखबिरी के शक पर अपहरण, मांगी थी 3 लाख की फिरौती

बता दें कि रजखेता निवासी विजय मरकाम आ. राम सिंगार गोंड 6 अगस्त को घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा था। 7 अगस्त को विजय मरकाम ने अपने भाई बृजेश सिंह को फोन कर अपने अपहरण की सूचना दी और कहा कि 3 लाख रुपए देने पर उसे छोड़ने की बात अपहरणकर्ताओं ने कही है। ऐसे में बृजेश सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने साइबर सेल की मदद से विजय की जानकारी हासिल कि और 8 अगस्त को ही यूपी बिजपुर मोबाइल टावर के पैनल रूम से बरामद करने में सफलता हासिल की थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में यूपी के बिजपुर बाजारपारा निवासी निवासी 34 वर्षीय सद्दाम अंसारी आ. सगीर अंसारी व 26 वर्षीय रोहित कुमार चौरसिया आ. स्व. शम्भू चौरसिया को भी गिरफ्तार किया था। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि 6 अगस्त को विजय लाल मरकाम को राकेश उर्फ बिल्लू यादव ने उसे प्रेमनगर चौक पर मिलने के लिए बुलाया था जहां पंकज मिश्रा, सद्दाम अंसारी, विजय गुप्ता स्विफ्ट कार से आए और राकेश उर्फ बिल्लू ने विजय लाल की उनसे मुलाकात कराई। इस दौरान लकड़ी देखने के नाम पर उन्होंने विजय मरकाम को कार में बैठा लिया और रास्ते में आसनडीह पेट्रोल टंकी के पास ऋषि को धक्का देकर उतार दिया गया जबकि विजय मरकाम को लेकर वे भाग निकले। बिजपुर में पंकज मिश्रा, रोहित चौरसिया ने फोन कर स्विफ्ट कार क्रमांक यूपी 64 बीबी 0342 मंगवाया जिसमे सद्दाम अंसारी, पंकज मिश्रा और रोहित चौरसिया उसे लेकर बिजपुर में घुमते रहे और फिर मोबाइल टावर के पैनल रूम में बंदकर मारपीट की गई। अपहरण कर्ताओं का कहना था कि उसकी मुखबिरी के कारण उनके लकड़ी तस्करी के कारोबार को नुकसान हुआ है। ऐसे में नुकसान की भरपाई के लिए उन्होंने 3 लाख रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने अब इस मामले में यूपी बिजपुर निवासी 39 वर्षीय सतीश कुमार गुप्ता आ. भोलानाथ गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है जबकि इस प्रकरण में शामिल अन्य अपहरणकर्ताओं की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते, विनोद सागर, आरक्षक ताराचंद सिंह सक्रिय रहे।

# बीएड में एडमिशन के नाम पर ठगी, थमाया फर्जी मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीएड कॉलेज में एडमिशन करने के नाम पर ठगी करने के साथ ही फर्जी मार्कशीट देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी के आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ना सिर्फ 40 हजार रुपए की ठगी की बल्कि कलिंगा यूनिवर्सिटी की फर्जी अंकसूची भी जारी कर दी।

- पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को किया गिरफ्तार





कोतवाली पुलिस के अनुसार मायापुर चांदनी चौक निवासी कैस मोहम्मद की पुत्री ने वर्ष 2022 में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा दी थी और रिजल्ट के बाद आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज की जानकारी निकाल रही थी। इसी दौरान पीजी कॉलेज राइस मिल रोड निवासी करन सग्गर आ. संतिश सग्गर ने कैस मोहम्मद से सम्पर्क किया और रायपुर आरंग के कलिंगा यूनिवर्सिटी का ब्रोकर बताते हुए कॉलेज में बीएड की डिग्री कोर्स कराने की बात कही और 80 हजार रुपए फीस मांगा। झांसे में आकर कैस मोहम्मद ने करन सग्गर को 40 हजार रुपए नगदी डे दिए थे। जब युवक ने अपनी बेटी के एडमिशन की जानकारी मांगी तो करन सग्गर और उसके पिता सतीश सग्गर ने खुद का कॉलेज होने की बात कहते हुए नॉन अटेंडिंग सर्टिफिकेट जारी करने का वादा कर टालमटोल कर दिया। एक वर्ष से अधिक समय तक टालमटोल करने के बाद करन सग्गर ने कलिंगा यूनिवर्सिटी के नाम का दो सेमेस्टर का मार्कसीट प्रदान किया। जब युवक ने मार्कशीट की जांच की तो वह फर्जी निकला और यूनिवर्सिटी के वेबसाईट पर उसकी कोई पुष्टि नहीं हुई। ऐसे में युवक 25 जुलाई को ठगी और फर्जी प्रमाण पत्र देने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में जांच के दौरान फर्जी अंकसूची को बरामद करने के साथ ही पूर्व में पीजी कॉलेज किसान राइस मिल रोड निवासी 62 वर्षीय सतीश सग्गर आ. सीएल सग्गर को गिरफ्तार किया था जबकि अब पुलिस ने करन सग्गर आ. सतीश सग्गर को भी भादवि की धारा 420, 120(बी), 467, 468, 471 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, उनि वंश नारायण शर्मा, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, छत्रपाल सिंह, आरक्षक देवेंद्र पाठक, लालभुवन सिंह सहित अन्य सक्रिय रहे।

### सनकी युवक ने अपनी मां पर टांगी से वारकर उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर।** मैनपाट में एक सनकी युवक ने अपनी मां पर टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मैनपाट के असगवां निवासी 75 वर्षीया बूंदी पति भंतु माझी अपने बेटे नान साय के साथ रहती थी रविवार को घर में किसी बात को लेकर मां-बेटे के बीच विवाद हो गया और विवाद में युवक ने आक्रोशित होकर कुल्हाड़ी से अपनी मां पर हमला कर दिया। ताबड़ तोड़ हमले में बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटन के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को मर्च्युरी में भेजने के साथ ही युवक को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि हत्या के आरोपी युवक को पकड़ लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।



# 500 रुपए की मजदूरी पाने गलफुल्ला नदी में एकत्रित हो गए 100 से अधिक ग्रामीण

**अंबिकापुर/शंकरगढ़।** जिले में माफिया किस तरह एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन कर रेत उत्खनन कर रहे है इसका अंदाजा इस कार्रवाई से लगाया जा सकता है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने डीपाडीह कला क्षेत्र में गलफुल्ला नदी से रेत से भरे 14 ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक नदी में रेत उत्खनन के लिए मौजूद थे और आपस में मजदूरी करने को लेकर विवाद कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाईस देकर भीड़ खाली कराया इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

- रेत उत्खनन करने को लेकर बनी विवाद की स्थिति, पुलिस-प्रशासन ने संभाला मामला, 14 ट्रैक्टर रेत जब्त

बता दें कि वर्तमान में एनजीटी के आदेश के तहत 15 अक्तूबर तक नदियों से रेत उत्खनन और परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है लेकिन इस प्रतिबन्ध का जिले में कोई भी असर होता नजर नहीं आ रहा है। तस्कर बेखौफ होकर नदियों से मशीनों और मजदूरों के माध्यम से रेत उत्खनन कराने के साथ ही परिवहन करा रहे है। आलम यह है कि नदियों को खदान के रूप में देखा जा रहा है सैकड़ों की संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए पहुंच रहे है। ऐसा ही मामला शंकरगढ़ विकासखंड के डीपाडीहकला स्थित गलफुल्ल नदी में देखने को मिला। नदी में प्रतिदिन तस्करों द्वारा मजदूरों से रेत उत्खनन कराने के साथ ही ट्रैक्टर में लोड कराया जाता है ।

जांच के बाद डीईओ ने किया निलंबित, लाऊ क्षेत्र की घटना

# कक्षा में बात करने पर शिक्षिका ने की पिटाई, छात्रा के घुटने में सूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी स्कूलों में बच्चों से मारपीट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। एक बार फिर आक्रोश में आकर एक शिक्षिका ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। इस मारपीट में छात्रा के घुटने में सूजन आ गया। अब इस मामले में जांच उपरान्त डीईओ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षिका को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।



घायल छात्रा।

बताया जा रहा है कि विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाऊ के धमधमिया पारा प्राथमिक शाला में पढने वाली 11 वर्षीया मुनिका कोरवा आ. कोइरा राम कक्षा पांचवीं की छात्रा है। छात्रा 28 अगस्त को स्कूल गई हुई थी। स्कूल के प्रधान पाठक राम राज यादव किसी बैठक में शामिल होने के लिए गए हुए थे जबकि स्कूल में सहायक शिक्षक एलबी ज्योति तिर्की मौजूद थी। आरोप है कि कक्षा में तीन छात्राएं आपस में बात कर रही थी इसी बात को लेकर शिक्षिका ज्योति तिर्की ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। जब प्रधान पाठक रामराज यादव बैठक से वापस लौटे तो देखा कि मुनिका रो रही है और उसके पैर में सूजन आ गई थी। ऐसे में उन्होंने घटना की सूचना परिजन के साथ ही बीईओ व अन्य अधिकारियों को दी और छात्रा को सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया। इस दौरान अस्पताल में बीईओ के साथ ही अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। डंडे से जोर से मारने के कारण छात्रा के घुटने में सूजन आ गई थी ऐसे में इलाज के बाद छात्रा को घर भेज दिया गया लेकिन घटना से डरी हुई छात्रा अब स्कूल जाने को तैयार नहीं है। मारपीट की घटना से परिजन आक्रोशित है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में बीईओ आदित्य पाटनवार ने मामले की जांच कर रिपोर्ट डीईओ भेजी जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा ने इस मामले में घोर लापरवाही के लिए शिक्षिका ज्योति तिर्की को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में ज्योति तिर्की का मुख्यालय बीईओ कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है।

खबर संक्षेप

## दीदी के गोठ कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत चनवारीडांड में रविवार को सरपंच सोनू दीदी के नेतृत्व में महिलाओं ने दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। यह कार्यक्रम छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान द्वारा प्रसारित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं की सफलता की कहानियां और आत्मनिर्भर बनने के प्रेरणादायी अनुभव सुनाए गए। इन कहानियों ने उपस्थित महिलाओं को प्रभावित किया और उन्होंने भी अपने जीवन में नई पहल करने का संकल्प लिया। सरपंच सोनू दीदी ने कहा कि दीदी के गोठ जैसे कार्यक्रम गांव की महिलाओं को नई दिशा और नई पहचान देते हैं। यह न सिर्फ प्रेरणा का स्त्रोत है बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है।

## चरचा में गूंजेगा करमा पर्व महोत्सव



**चरचा कॉलरी।** आदि संस्कृति विकास समिति के तत्वावधान में पारंपरिक करमा पर्व महोत्सव का भव्य आयोजन आगामी 5 सितंबर की शाम 6 बजे से श्रमवीर स्टेडियम, चरचा कॉलरी में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छग शासन के लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथियों में मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना विजय राजवाड़े, सभापति सुषमा कोराम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती कुसरो, जनपद अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, खान अधीक्षक सिमरजीत सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ ओझा शामिल होंगे।

### नीलामी प्रक्रिया में होती है लेटलतीफी

# खुले आसमान के नीचे कबाड़ हो रही जब्त गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली बैकुंठपुर परिसर में विभिन्न मामलों में जब्त दर्जनों बाइक सालों से खुले आसमान के नीचे धूल फॉक रही हैं, इनमें से कुछ तो एकदम कबाड़ होने की कगार पर पहुंच गए हैं, ऐसी स्थिति सिर्फ सिटी कोतवाली बैकुंठपुर परिसर में ही नहीं बल्कि जिले के अन्य थाना चौकियों में भी वर्षो से जब्त बाइक व अन्य वाहन खुले आसमान के नीचे पड़े -पड़े कबाड़ का रूप ले रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर के पीछे दर्जनों की संख्या में जब्त बाइक वर्षों से पडे हुए हैं। विभिन्न मामलों में जब्त वाहनों के मालिकों के द्वारा कानूनी पेचीदगी के कारण अपनी जब्त गाड़ी को छुड़ाने में रूची नहीं लेते हैं। वाहन मालिकों के द्वारा अपनी वाहन को लेने में रूची नहीं लेने के कारण दर्जनों बाइक सिटी कोतवाली के पीछे खुले परिसर में पड़ी हुई है। कई जब्त बाइक तो सालों से पडे-पडे कबाड़ हो गए है। ऐसे में ऐसे सभी जब्त मामलों को नीलाम कर प्राप्त राशि सरकारी खजाने में जमा किया जा सकता है, इसके लिए पुलिस को केस खत्म होने वाहनों की नीलाम करने की प्रक्रिया करना चाहिए, लेकिन पुलिस की उदासीनता के कारण भी सिटी कोतवाली परिसर में दर्जनों बाइक सालों से धूप बरसात की मार सहते हुए कबाड़ होते जा रहे हैं। यदि जब्त बाइक जिनका केस समाप्त हो गया है, वैसे वाहनों की नीलामी कर दी जाती है तो सिटी कोतवाली का परिसर भी खाली हो सकता है, इसके लिए पुलिस को पुलिस को कोर्ट से आदेश लेकर परिसर में जब्त वाहनों को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, जिससे कि पसा सरकारी खजाने में जमा हो सके और वाहनों की भीड़ खाली हो सके।



### विभिन्न मामलों के दर्जनों वाहन जब्त

सिटी कोतवाली परिसर में दुर्घटना, अवैध तस्करी तथा बिना दस्तावेज के वाहनों को पुलिस ने जब्त किया है। उक्त मामले में कई ऐसे मामले हैं, जिनका प्रकरण खत्म हो गया है या जिन वाहनों के मालिक नहीं मिल रहे हैं, ऐसे मामले के जब्त वाहनों को नियमानुसार नीलाम कर देना चाहिए, लेकिन यह प्रक्रिया सालों से रूकी हुई है, इसके चलते जब्त वाहनों की भीड़ कोतवाली के पीछे लगी हुई हैं।

### सालों से रूकी है नीलामी प्रक्रिया

सिटी कोतवाली बैकुंठपुर परिसर के पिछले हिस्से में दर्जनों की संख्या में जब्त बाइक पड़ी हुई है। कई जब्त बाइक के मामले कोर्ट से समाप्त भी हो गए और उनके मालिक कानूनी पचडे के कारण अपनी जब्त बाइक को नहीं छुड़ाया जो पड़ी हुई है। ऐसी वाहनों को नीलाम करने की प्रक्रिया बीते कई सालों से रूकी हुई है। पुलिस की सुस्ती के कारण केस खत्म होने के बाद पुलिस की सुस्ती के कारण थाने में जब्त वाहन परिसर में बीते कई सालो से सड़ रही है।

# चरचा वेस्ट खदान में दुर्घटना ठेका श्रमिक गंभीर घायल



**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र की चरचा वेस्ट खदान में शनिवार की रात लगभग 12 बजे बड़ा हादसा हो गया। जेएमएस प्राइवेट कंपनी के ठेका श्रमिक रंजीत लकड़ा उम्र 29 वर्ष निवासी नरकेली बैकुंठपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ श्रमिकों ने कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

जानकारी के मुताबिक सीएम 2 के पैनल नंबर 5 में नाइट पाली के दौरान कोयला उत्खनन कार्य चल रहा था। अचानक साइड फॉल से पत्थर और कोयला गिर पड़ा, जिससे रंजीत लकड़ा के छाती, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। साथियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें खदान से बाहर निकाला और रीजनल अस्पताल चरचा पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए अपोलो अस्पताल बिलासपुर रिफर कर दिया। खदान श्रमिकों ने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ठेका कंपनी मजदूरों को अनिवार्य बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट) ट्रेनिंग दिए बिना ही खदान में काम पर भेजती है। बीटीसी के नाम पर मजदूरों से 20-25 हजार रूपए लेकर जाली प्रमाण पत्र बनवाए जाते हैं। मजदूरी में भी कटौती होती है। श्रमिकों का दावा है कि 26 दिन काम करने पर उनकी मजदूरी करीब 33 हजार रूपए बनती है।

# खेलकूद जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण



**मनेन्द्रगढ़।** खेलकूद हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि हमारा मानसिक विकास होता है साथ ही खेल भावना के कारण हमारे सामाजिक संबंधों में मजबूती आती है ,जिससे समाज भी मजबूत होता है।

स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविशंकर ने कहा कि आजकल अधिकांश बच्चें मोबाइल की दुनिया में खो गए हैं, हमें प्रयास करना चाहिए कि उन्हें मोबाइल से बाहर निकाल कर खेलकूद के मैदान में लाएं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर इंदिरा मिश्रा ने उपस्थित बच्चों, गणमान्य नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा हमारे जीवन के लिए अभिशाप है, इससे न केवल स्वयं का शारीरिक नुकसान होता है, बल्कि परिवार और समाज भी टूटता है। इसी तारतम्य में नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, संतोष जैन, कंचन पाल, गुर चरण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में विभिन्न राष्टीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें कुमारी रुपवती, ऊंची कूद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछौड़, कुमारी पूनम सिंह कब्बड्डी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर, संदीप सिंह हैमर थ्रो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़, राजेश सिंह बांस कूद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें संतोषन जैन शतरंज, कंचन पाल फुटबॉल, बंशीलाल यादव दौड़, लंबीकूद, ट्रिपल जंप, गुरचरण सिंह क्रिकेट, अशोक कुमार शतरंज का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, पार्षद स्वप्निल सिन्हा, पार्षद अजय जायसवाल, पार्षद अनिल प्रजापति, हफीज मेमन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** राष्टीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 29 अगस्त को विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विद्यार्थियों को उनके जीवन एवं योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह की असेम्बली में प्रभारी प्राचार्य राजू दुबे द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं तथा टीम भावनाए अनुशासन और नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं। विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेकर जीवन रोगमुक्त करना चाहिए। प्राचार्य द्वारा शांति, एकता और मित्रता का प्रतीक मशाल जलाकर इस विशेष अवसर पर विद्यालय में खेलों की शुरूआत की गई। खेल शिक्षक बहादुर सिंह सिदार, प्रीति यादव, बबीता और सुशीला सिंह के निर्देशन में दिनभर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच योग, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बास्केट बॉल एवं रस्सा कशी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अनुशासन, जोश और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, इसके साथ ही भाषण, रंगोली तथा चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिनका विषय प्रतिदिन एक घंटा खेल के नाम खेलों का महत्व एवं मेजर ध्यानचंद का जीवन रखा गया।

### खेल दिवस का आयोजन

बैकुण्ठपुर। छग शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर छग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में खेल दिवस के दूसरे दिन 30 अगस्त को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय बैकुंठपुर में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय बैकुंठपुर और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय महलपारा के बीच रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# जैन समुदाय का पर्युषण महापर्व मनेन्द्रगढ़ में आरंभ



**मनेन्द्रगढ़।** आत्मशुद्धि, संयम और तप की साधना का प्रतीक जैन धर्म का पर्युषण महापर्व राजा पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी से आरंभ हो गया है। नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय सहित विभिन्न जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु परिवार सहित पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और धार्मिक साधनाओं में जुटे रहे।

जैन समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी शैलेश जैन ने बताया कि 10 दिवसीय पर्युषण पर्व के दौरान विशेष पूजा-पाठ, ध्यान, उपवास, प्रतिक्रमण और धर्म साधना के आयोजन होंगे। यह पर्व आत्मा को शुद्ध करने और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। आत्मशुद्धि का अवसर उपवास, ध्यान और तपस्या के माध्यम से शारीरिक व मानसिक अशुद्धियों को दूर किया जाता है। नकारात्मक भावनाओं का त्याग क्रोध, अहंकार, लोभ और मोह जैसी प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा मिलती है। उत्तम गुणों का पालन क्षमा, संयम, तप, त्याग, सत्य और ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों को जीवन में उतारने की सीख। क्षमापना पर्व का समापन सभी से क्षमा मांगने और सभी को क्षमा करने की परंपरा के साथ होता है, इसीलिए इसे जैन धर्म में सभी पर्वों का राजा पर्व कहा जाता है। महावीर स्वामी के सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो का संदेश समाज तक पहुंचाने में इसका विशेष महत्व है। जिनालय में धार्मिक आयोजन-पर्वराज पर्युषण के दूसरे दिन उत्तम आर्जव दिवस पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में प्रातःकाल मंगलाचरण के साथ महामस्तकाभिषेक, वृहद शांतिधारा, दशलक्षण पूजा, सोलहकरण, चौबीस तीर्थंकर एवं नंदीश्वर पूजा संपन्न हुई। दोपहर में विधान और संध्याकालीन महाआरती के बाद मंगल प्रवचन का आयोजन हुआ। महिला मंडल, युवाओं और बच्चों के माध्यम से जैन धर्म की विरासत और महत्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। आत्मकल्याण के दस धर्म-क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, अकिंचनता और ब्रह्मचर्य यही दस धर्म इस पर्व का सार हैं, जिनसे आत्मा की शुद्धि और मोक्षमार्ग की दिशा प्रशस्त होती है।

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

प्रो. नं.-299/25
व्य.वा.प्र.क्र.-178अ/2024
आदेश दिनांक- 14/08/2025
पेशी दिनॉक 23/09/2025

// ईश्तहार //

भुखली वगैरह प्रति बबलू व अन्य

प्रति,

1. श्रीमती दमयन्ती देवी पत्नी असरफी पाण्डेय उम्र 50 वर्ष, जाति ब्राम्हण पेशा गृहणी निवासी मिशन अस्पताल के सामने अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक- 172अ/2024 भुखली वगैरह प्रति बबलू व अन्य में आप प्रतिवादी/अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समंस की तामिली नहीं हो पा रही है।

अतः आपको इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक-23/09/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 19/08/2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डी.एस. बघेल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीत वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर जिला-सूरजपुरा (छ.ग.)

न्यायालयः-तृतीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

प्रो.नं.- 506/2025
आदेश दिनांक 30/07/2025
मो.दू.दा.प्र.क्र.-172/2023
पेशी दिनाँक 03/09/2025

// ईश्तहार //

ज्ञानचन्द सिरदार वगैरह प्रति शाखा प्रबंधक वगैरह

प्रति,

1. सोनु प्रकाश मिश्रा आ.प्रकाश मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी श्रीराम हॉस्पिटल गली सतीपारा स्कूल के पास अम्बिकापुर थाना व तह. अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

इस न्यायालय में मो.दू.दा. प्रकरण क्रमांक-172/2023, ज्ञानचन्द सिरदार वगैरह प्रति शाखा प्रबंधक वगैरह में आप प्रतिवादी/अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समस की तामिली नहीं हो पा रही है।

अतः आपको इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक-03/09/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं. तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है. तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डायमंड कुमार गिलहरे)
तृतीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

न्यायालयः-तृतीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

प्रो.नं.- 505/2025
आदेश दिनांक 05/08/2025
मो.दू.दा.प्र.क्र.-25/2023
पेशी दिनाँक 09/09/2025

// ईश्तहार //

आरती वगैरह प्रति बोधन राजवाड़े वगैरह

प्रति,

1. शिव दुबे आ. स्व. रामकिशुन दुबे उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम- गंगापुर वार्ड कमांक 47 वर्ष थाना-गांधीनगर तहसील व जिला सरगुजा (छ.ग.)

इस न्यायालय में मो.दू.दा. प्रकरण क्रमांक-25/2023, आरती वगैरह प्रति बोधन राजवाड़े वगैरह में आप प्रतिवादी/अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समंस की तामिली नहीं हो पा रही है।

अतः आपको इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक-09/09/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं. तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है. तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डायमंड कुमार गिलहरे)
तृतीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान् चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

व्य.वा.प्र.क्र.- 272ए/2024
प्रो. नं.-164/25
पेशी दिनाँक 12/09/2025

// ईश्तहार //

ललित मोहन राजवाड़े प्रति दिलकेश्वर वगैरह

प्रति,

1. कैलाशचंद अग्रवाल आ. कंवरलाल अग्रवाल, उम्र लगभग 52 वर्ष,
2. संजय कुमार अग्रवाल आ. महावीर प्रसाद अग्रवाल, उम्र लगभग-47 वर्ष,
3. अनिल कुमार गर्ग आ. प्रेमचंद गर्ग, उम्र लगभग-57 वर्ष, जाति-अग्रवाल, सभी निवासी नगर अंबिकापुर, पोस्ट-अंबिकापुर, थाना व तहसील-अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-272ए/2024 ललित मोहन प्रति दिलकेश्वर वगैरह में आप प्रतिवादी/अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समंस की तामिली नहीं हो पा रही है।

अतः आपको इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनाक-12/09/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(कु.हिमांशी सर्राफ)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीत कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर जिला-सूरजपुरा (छ.ग.)

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255


TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -31 अगस्त 2025
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ , पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355


माँ महामाया क्लब महामाया रोड अंबिकापुर(


गणेश पूजा समिति धौरपुर।


सार्वजनिक गणेश पूजा समिति दौलपुरा चौक गुमगा।


बोहला का महाराज श्री विनायक गणेश उत्सव समिति रामानुजगंज।

## खबर संक्षेप




### महाविद्यालय सिलफिली में रेड रिबन उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विशेष रेड रिबन उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हॉर्टिकल्चर एवं रिसर्च स्टेशन महाविद्यालय सिलफिली की डॉ रोमिला खेस्स ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी व एड्स जैसी गंभीर बीमारी के कारणों,बचाव के उपायों और संक्रमित होने की स्थिति में अपनाई जाने वाली जीवनशैली पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने युवाओं से कहा कि इलाज से बेहतर है समय रहते बचाव।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ शुभी सिंह,डॉ ममता और डॉ विवेक कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रेरणा दी,रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने क्लब की गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस मंच का मुख्य ध्येय युवाओं को जागरूक कर एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करना है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ अजय कुमार तिवारी,भारत लाल कंवर,आशीष कौशिक,जफीर,श्रीमती गीता सोनी, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### कसलगिरी गांव से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** ग्राम कसलगिरी निवासी उपसरपंच की बाइक चोरी मामले में पुलिस ने आज रविवार को आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई बाइक को जब्त कर लिया है,जयनगर पुलिस ने बताया कि कसलगिरी निवासी उपसरपंच 32 वर्षीय वीरेंद्र कुमार राजवाड़े ने 6 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जून की रात 10 बजे उन्होंने अपनी हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सी डब्ल्यू 0275 घर के बाहर खड़ी किया था, लेकिन अगली सुबह जब वह बाहर निकला तो गाड़ी मौके से गायब थी,परिजनों और आस-पास खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला,रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कैलाशपुर खालपारा निवासी 19 वर्षीय नीतीश राजवाड़े पिता जगदीश राजवाड़े चोरी की गाड़ी लेकर घूम रहा है,सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने कैलाशपुर अटल चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी युवक को चोरी की बाइक सहित घेराबंदी कर पकड़ लिया है,कार्यवाही में जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक मनोज द्विवेदी,प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी,दीपक दुबे,आरक्षक हरि शंकर सिंह शामिल रहे।

## आवास में हुई चोरी का भी हुआ खुलासा

# कॉलोनी क्षेत्र में तीन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला फरार आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**

- चोरी के कुछ सामानों को बेचकर दिल्ली में छिपकर रह रहा था आरोपी
- डिपार्टमेंटल कॉलोनी के समीप घर होने से क्वार्टरों की करता था रेकी
- आरोपी के पास से सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल समेत अन्य आभूषण के सामान जब्त

शहर और कॉलोनियों में लगातार हो रही चोरियों से दहशत में आए लोगों के लिए कुछ राहत की खबर है, पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे आदतन चोर डिपार्टमेंटल कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय परवेज अहमद उर्फ लाले पिता मो.यूसुफ को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी परवेज ने पूछताछ में न केवल ऑफिसर कॉलोनी की हाई प्रोफाइल चोरी की वारदात कबूली है,बल्कि यह भी बताया कि वह दिल्ली भागकर वहां चोरी का सामान बेचकर छिपकर रह रहा था,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई को ऑफिसर कॉलोनी 2 ए बी 27 में रहने वाले मुख्यमंत्री के ओएसडी रविकांत मिश्रा के पिता रतीपाल मिश्रा पिता स्व.महादेव मिश्रा अपने परिवार के साथ रायपुर गए हुए थे,इसी बीच चोर ने मौका देखकर घर के मेन गेट का ताला लोहे की रॉड से तोड़ा और अंदर घुस गया,आरोपी ने अलमारी और बेड खंगालकर 45 हजार रुपए नकद,चांदी के जेवर,सिक्के,भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति और घड़ी चोरी कर लिया था,साथ ही आरोपी ने फ्रिज में रखे खाने-पीने का सामान भी खा लिया था,जब रात में पुलिस गश्त पार्टी गेट के पास पहुंची, तब किसी के आने की आवाज सुनकर आरोपी पीछे के दरवाजे से भाग खड़ा हुआ और वहीं झाड़ियों में रॉड फेंक दी थी,वारदात के बाद आरोपी डर से दिल्ली भाग गया था,जहां उसने चुराए हुए चांदी के सामान को मात्र 2 हजार रुपए में एक अज्ञात ऑटो चालक को बेच दिया और उसी रकम से कुछ दिन गुजारा किया,पुलिस ने बताया कि दिल्ली में गुजारा मुश्किल होने पर आरोपी फिर बिश्रामपुर लौटा और 26 अगस्त की रात उसने दो कॉलोनियों को निशाना बनाया,आरोपी ने आरटीआई कॉलोनी क्वार्टर नंबर 1155 में जब सुदर्शन शर्मा पिता विंदेश्वरी शर्मा अपने परिवार के साथ घर के अंदर सो रहे थे,गर्मी और उमस के कारण मेन गेट खुला था और सिर्फ जाली वाला गेट बंद था,इसी का फायदा उठाकर चोर अंदर घुसा और सोने का मंगलसूत्र,जीवतिया और चांदी का पायल पर्स से निकाल ले गया था,उसी रात चोपड़ा कॉलोनी क्वार्टर नंबर 704 में नरेश कुमार पिता स्व. कलीम राम के क्वार्टर में घुसकर चोर ने आलमारी का लॉकर तोड़ा और सोने का मंगलसूत्र 4 सोने के लॉकेट सहित,नकदी से भरा गुल्लक और अन्य कीमती सामान पार कर दिया था,घर वाले अंदर सो रहे थे और किसी को भनक तक नहीं लगी।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस पर दबाव बढ़ रहा था।थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने संदिग्धों और पुराने अपराधियों से पूछताछ तेज कर दी,इस बीच मुखबिर से खबर मिली कि परवेज उर्फ लाले चोरी का सोना बेचने की फिराक में कॉलोनी में घूम रहा है,सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को एसईसीएल कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया,पूछताछ के दौरान आरोपी परवेज अहमद उर्फ लाले ने तीनों वारदातों को करना स्वीकार लिया है।ुलिस ने आरोपी के पास से सोने के मंगलसूत्र,पायल और अन्य सामान को बरामद किया है,पुलिस ने आरोपी परवेज अहमद उर्फ लाले के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत कार्यवाही करते हुए उसे आज सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

कार्रवई में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, सहायक उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, गुड्डू कुशवाहा, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक मो वाहिद, खेल साय राजवाड़े व अन्य सक्रिय रहे।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।



## वोटर अधिकार यात्रा के तहत पूर्व मंत्री ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिहार में चल रही वोट अधिकार रैली में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत भी शामिल हुए। रविवार को बिहार के विक्रम विधानसभा के पर्यवेक्षक प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में बैठक की गई। बैठक के बाद मसाल जुलूस निकालकर में भ्रमण किया गया और वोटर अधिकार के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोक सभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में सासाराम से 17 अगस्त से वोट अधिकार यात्रा चल रही है। 1 दिसंबर को गांधी मैदान पटना में विशाल जनसभा एवं यात्रा किया जाएगा, गांधी प्रतिमा से भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पदयात्रा किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु बैठक कर सभी बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हों। पर्यवेक्षक अमरजीत भगत के साथ छत्तीसगढ़ के संयुक्त महामंत्री डॉ. लालचंद यादव, कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा, और विक्रम पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुमित सनी, अशोक गगन सहित अन्य मौजूद थे।

### माता-पिता को झगड़ते देख बेटी ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** माता-पिता को झगड़ते देख बेटी ने अपने कमरे जाकर फांसी लगा ली। परिजन युवती को गंभीर हालत में फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। नवागढ़ निवासी सानिया परवीन आ. मोहब्बत सहन बाज (17 वर्ष) बीती रात घर में थी। इसी दौरान माता-पिता झगड़ रहे थे। आए दिन घर में लड़ाई होने से परेशान युवती ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे फांसी से उतार कर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मां ने पुलिस को बताया कि पति अक्सर रात में शराब के नशे में आकर किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करते थे। आए दिन झगड़ने से बेटी परेशान थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## भव्य रूप से मनाया जाएगा जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी को लेकर समाज के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। आयोजन को लेकर शनिवार को सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा शहर के सभी मस्जिदों के कमेटियों, आम नागरिकों की बैठक ली। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद की मौजूदगी में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जमाल खान उर्फ मोनू को सीरतुन्नबी कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही इरशाद खान व निक्की खान को उपाध्यक्ष, एवं बाबर इदरीसी को कोषाध्यक्ष, हाजी रहमत खान को संरक्षक एवं फैजान अहमद को सचिव चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष के आयोजन में विशेष रूप से शहर की सभी मस्जिद कमेटियों के साथ-साथ अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन जामा मस्जिद भी सीरतुन्नबी कमेटी के साथ शामिल होगी। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शहर की सभी मस्जिदों से प्रारंभ होकर अब्दुल हमीद चौक, महामाया गेट पर एकत्रित होगी। इसके बाद जुलूस महामाया रोड, बरेज तालाब रोड, जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक से होते हुए देवीगंज रोड के रास्ते घड़ी चौक कला केंद्र मैदान पहुंचकर विशाल जलसे में परिवर्तित होगा, जहां उलमाए दीन हजरत मोहम्मद साहब के विश्व शांति और मानवता के लिए संदेश को प्रस्तुत करेंगे। यह जुलुस 5 सितम्बर को सुबह 8 बजे शुरू होकर दोपहर 12.30 बजे तक समाप्त होगा। आम सभा में विशेष पहल के तहत हिंदू, ईसाई, और सिख समुदाय के धर्मगुरु या उनके प्रतिनिधि हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और शिक्षाओं पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त, शहर की एक प्रमुख हस्ती, यूपीएससी, 10वीं, 12वीं और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

- समाज की बैठक के साथ किया गया सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष का गठन



तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## वार्ड पार्षद की पहल पर नवापारा स्वास्थ्य केंद्र में दो साल बाद हुई चिकित्सक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले दो साल से चिकित्सक सहित स्टाफ की समस्या से जूझ रहे गोधनपुर स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह की पहल पर एक चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। चिकित्सक की नियुक्ति होने से अब अस्पताल आने वाले मरीजों का काफी राहत हो गई है। वार्ड के पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह द्वारा कुछ माह पूर्व ही गोधनपुर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान पता चला की अस्पताल में चिकित्सक के अलावा हमर लैब में स्टाफ की भारी कमी है। जिस पर वार्ड पार्षद श्री सिंह ने 24 मार्च को सीएमएचओ से मिलकर गोधनपुर स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दो साल से चिकित्सक व स्टाफ की कमी समस्या से अवगत कराया। साथ ही गोधनपुर में चिकित्सक की नियुक्त तथा स्टाफ की कमी को दूर करने की मांग की। वार्ड पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह की पहल से गत दिन 28 अगस्त को गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 में एक एमबीबीएस चिकित्सक की नियुक्ति राज्य शासन द्वारा की गई है। चिकित्सक की नियुक्ति होने से अब क्षेत्र के लोगों के लिए काफी राहत हो गई है और बीमार लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।



छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग (हाथकरघा) के सौजन्य से
कोसा एण्ड कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़
हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी
सह - विक्रय
-: कार्यक्रम :-
20% की विशेष छूट
दिनांक
01 सितम्बर 2025 से 07 सितम्बर 2025 तक
प्रदर्शनी समय
दिन में 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक
छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरो द्वारा निर्मित सूति/ कोसा वस्त्रों का अनुपम संग्रह
विशेष आकर्षण कोसा
छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ियां, सटिंग, शूटिंग, सलवार सूट, दुपट्टे, कुर्ता-पायजामा, ड्रेस मटेरियल आदि।
कॉटन
टाई-डाई साड़ी, कॉटन बेडशीट, पिलो कव्हर नेपकिन, टॉवेल

स्थान :- शबरी इम्पोरियम के बगल मे आकाशवाणी चौक अम्बिकापुर
-: आयोजक :-
जिला हाथकरघा कार्यालय, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

## ख़बर संक्षेप



### शिव गुरु महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक

**प्रतापपुर।** शिव गुरु महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की अध्यक्ष चंद्रिका कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी सहित गुरु भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। बैठक में महोत्सव की सफलता के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम की रूप-रेखा तय की गई। इस दौरान आयोजन समिति का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष के लिए लाल बहादुर गुप्ता, विजय यादव, धन्नू पैकरा और जोखन राम, सचिव पद के लिए राजेश कश्यप, सह सचिव बैजंती गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवीन नाविक, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता और प्रशांत सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अतिरिक्त 21 सदस्यों की कार्यकारिणी भी बनाई गई। नव नियुक्त अध्यक्ष अजीत शरण सिंह ने कहा कि हरिन्द्रानंद ने शिव चर्चा को पूरे जनमानस में फैलाया। समिति में लगभग 200 से अधिक गुरु भाई-बहनों को शामिल किया गया है और सभी ने महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में मुख्यालय रांची से बरखा दीदी एवं आनंद का आगमन हो रहा है। भव्य महोत्सव 09 नवंबर की सुबह 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल और कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है। करीब 1 लाख से अधिक भीड़ होने की संभावना है।

### यूरिया की कालाबाजारी को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** यूरिया की कालाबाजारी को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी व सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर पार्टी द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल आयाम ने बताया है कि खेतों में हरियाली की उम्मीद लगाए बैठे किसानों के माथे पर इन दिनों चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। बुवाई और रोपाई के बाद खेतों को संजीवनी देने वाला यूरिया खाद सहकारी समितियों से गायब है। मजबूर किसान निजी दुकानों से 1000 से 1200 रुपये प्रति बोरी की ऊंची कीमत पर खाद खरीदने विवश हैं। शासन-प्रशासन की लापरवाही किसानों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दुकानदार बिना लाइसेंस के ही खुलेआम खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि सहकारी समितियों में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराया गया और काला बाजारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो प्रतापपुर समेत जिले में आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा।

## पेज 1 के शेष...

### रेण नदी में मिला...

जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद प्रधान आरक्षक शैलेश सिंह के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा शव को पानी से निकालने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान एमपी के सिंगरौली माड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पंडरी खुटाटोला निवासी 45 वर्षीय शिवराज सिंह उर्फ बब्बे आ. जमुना सिंह के रूप में की। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता एमपी के साथ ही छत्तीसगढ़ के आस पास के क्षेत्रों में लोगों को ब्याज पर पैसे देने का काम करते है और शिवराज सिंह 30 अगस्त को सुबह 6 बजे ब्याज पर उधार में दिए गए रुपयों की वसूली करने के नाम पर घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन ने मृतक की पहचान की। रविवार को पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

### माइल स्टोन से टकराई...

देवराज दास के साथ ही बलरामपुर क्षेत्र के तीन अन्य युवक और बिंदु बघेल के साथ ही हर्रा टोली की की एक अन्य युवती समेत कुल छह लोग घूमने के लिए शंकरगढ़ क्षेत्र के दनगरी फाल में घूमने गए हुए थे। दो बाइक में सवार छह लोग देर शाम वापस हर्रा टोली लौटे जिसके बाद सभी मृतक देवराज के घर ग्राम सेवारी जा रहे थे। इसी दौरान देर रात 1 बजे चालक देवराज ने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## सड़क में हुए 3-3 फीट के गहरे गड्ढे

# उत्तर छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली नवाटोला-मकररोहर सड़क हुई खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

उत्तर छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से जोड़ने वाली नवाटोला मकरोहर सड़क के खतरनाक गड्ढों के कारण सफर काफी कठिन हो रहा है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं वहीं चार पहिया वाहनों में टूट-फूट होने के कारण वाहन ब्रेकडाउन हो रहे हैं।

**खास बात**
- आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, फंस रहे वाहन

लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 वर्ष पूर्व सीमावर्ती मध्य प्रदेश की यात्रा को सुगम बनाने गुरूघासी दास नेशनल पार्क के नवाटोला जांच चौकी से मकरोहर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था। देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में बरसात के पूर्व ही सड़क पूरी तरह से उखड़ गई थी। बारिश शुरू होने के बाद सड़क की हालत दिनों दिन खराब होती गई। अब हालत यह है कि सड़क में 3-3 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के दौरान गड्ढों की गहराई का अनुमान नहीं लगने के कारण भारी वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। ट्रकों में टूट-फूट होने के कारण वाहन स्वामी इस मार्ग से आवागमन करने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं तथा माल परिवहन का अधिक भाड़ा वसूल रहे हैं। यात्री वाहनों को आवागमन में अधिक मुश्किलें हो रही हैं। गहरे गड्ढों में जीप-कार के चक्के फंसने के कारण वाहनों को बाहर निकालना कठिन हो जाता है। घंटों मशक्कत के बाद ऐसे वाहनों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालना पड़ता है। मध्यप्रदेश का सिंगरौली जिला निकट होने के कारण अपनी छोटी बड़ी हर जरूरतों के लिए क्षेत्रवासी बाइक से सफर करते हैं। खतरनाक गड्ढों के कारण दो पहिया सवार आए दिन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। खास बात है कि कम दूरी होने के कारण इसी मार्ग से दूसरे राज्यों से माल परिवहन करने वाले भारी वाहन गुजरते हैं। मध्यप्रदेश के भी ट्रक इस मार्ग से यूपी एवं बिहार राज्य का सफर करते हैं।



जर्जर सड़क।

#### क्षेत्रवासियों की बड़ी जरूरत

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीण अपनी सभी जरूरतों के लिए सिंगरौली पर निर्भर हैं। जिला मुख्यालय सूरजपुर एवं तहसील मुख्यालय ओड़गी की दूरी अधिक होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण अपनी जरूरतों की पूर्ति सिंगरौली बाजार से करते हैं। किराना सामग्री या फिर कपड़ा, दवा सहित अन्य सभी सामग्रियों की खरीदी यहीं से होती है। अपनी उपज को बेचने के लिए भी क्षेत्र के ग्रामीण सिंगरौली बाजार पर निर्भर हैं। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर भी इलाज के लिए उसे सिंगरौली ले जाते हैं। सड़क के खतरनाक गड्ढों के कारण मरीजों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है साथ ही तीन किमी की यात्रा तय करने में दो घंटे का समय लग रहा है। गड्ढों के कारण सड़क पर वाहनों को रेंगना पड़ रहा है।

#### चल रही टेंडर की प्रक्रिया

सड़क के पैच रिपेयरिंग की स्वीकृति मिली है तथा टेंडर की प्रक्रिया चल रही है टेंडर होते ही पैच रिपेयरिंग प्रारंभ कर दिया जाएगा।

-ललित भोई
ईई, लोनिवि, सूरजपुर



### सड़क के बीच हुए गड्ढे को गिट्टी को बोल्डर डाल की गई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

पेट्रोल पंप के समीप स्टेट हाईवे 2 ए पर गड्ढे हो जाने पर देर रात एसडीएम ललिता भगत के नेतृत्व में तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार हिना टंडन पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सतीश साहू, वीरेंद्र कुमार चौधरी, नारद सिंह ध्रुव व भटगांव थाना के पुलिस द्वारा जेसीबी से गिट्टी बोल्डर डलवाया गया। ज्ञात हो की मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद द्विवेदी द्वारा कलेक्टर, प्रतापपुर एसडीएम व टीआई भटगांव को सड़क के बीच लगभग 5 फीट का गड्ढा हो जाने तथा वाहन सवार के लिए खतरा होने के संबंध में समस्या से तत्काल अवगत कराया गया। प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया और भारी वाहनों को रोक दिया गया। साईड से छोटी गाड़ियों को निकलवाया गया। अधिकारियों के समक्ष गिट्टी डलवाया गया। बताया जा रहा कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रोड के नीचे तीन पीवीसी पाइप डाला है। सड़क के दोनों ओर बहरा खेत है और खेतों में पानी का भराव था जिससे पाइप के बगल से पानी एक छोर से दूसरे छोर में जाने लगा जिससे अंदर ही अंदर मिट्टी का कटाव हुआ जिसकी वजह से रोड में गड्ढा हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि अभी भी रोड का मरम्मत कार्य जारी है।

### मंत्री ने जिले में कालाबाजारी रोकने कलेक्टर को दिए निर्देश

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कलेक्टर एस जयवर्धन को यूरिया व अन्य खाद की कालाबाजारी रोकने और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



- कहा किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में खरीफ सीजन हेतु प्रदेश में 14.62 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 15.64 लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर 13.19 लाख मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है, जिसमें 6.39 लाख मीट्रिक टन यूरिया शामिल है। साथ ही 5.30 लाख बोतल नैनो उर्वरक भंडारित कर 4.18 लाख बोतल किसानों तक पहुंचाई गई है। इसी क्रम में सूरजपुर में भी यूरिया एवं खाद बीज की उपलब्धता कराई गई है एवं कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार नैनो खाद से लागत घटती है, उत्पादन बढ़ता है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम से महिलाओं को मिलेगी आत्मनिर्भरता की राह



**सूरजपुर।** ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि दीदी के गोठ जैसी पहल महिलाओं की आवाज़ को हर घर तक पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि बिहान योजना ने छत्तीसगढ़ की हजारों महिलाओं के जीवन को बदल दिया है, जिनमें कई लखपति दीदी बन चुकी हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री पाटले ने कहा कि दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भरता की राह दिखाना है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने परिश्रम से परिवार ही नहीं, पूरे समाज की दिशा बदल रही हैं। रेडियो कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां प्रसारित की जा रही हैं, जिन्होंने कठिनाइयों को पार कर आर्थिक मजबूती और सामाजिक पहचान हासिल की है। प्रेरणादायक कहानियों से अन्य महिलाओं को भी नई ऊर्जा और हौसला मिलेगा तथा वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुआ, जिसमें जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के अलावा ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के नोडल अधिकारी संतोष शर्मा, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार एक्का, मो. नसीम, माधुरी भंडारी, संकुल संगठन के पदाधिकारी, जनपद स्टाफ, पीआरपी, कैडर एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की दीदियां मौजूद थीं। यह कार्यक्रम जिले के सभी विकास खंडों में भी चयनित स्थानों तथा जिले के 24 संकुल स्तरीय संगठन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



#### सामूहिक रूप से सुनी दीदी के गोठ, की चर्चा

सलका अधिना। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का श्रवण महिलाओं ने किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता हिरामति अगरिया ने की। विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक आर्थिक एवं पारिवारिक रूप में सशक्त बनाने के दिशा में एक ओर ऐतिहासिक कदम उठाया है, आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्र से एक साथ प्रसारित हुआ। इंदिरा गांधी क्लस्टर सलका अधिना एवं ग्राम संगठन की महिलाओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज को समाज तक पहुंचना उनके संघर्ष और उपलब्धियां को सामने लाना और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक बदलाव की राह दिखाना है। इस दौरान फुलवती एक्का, रेशमा परविन, प्रभा गुप्ता, शोभा ठाकुर, निशा राजवाड़े, आशा ठाकुर, वर्षा सिंह, फूलमती राजवाड़े, चंद्रमणि राजवाड़े, दुर्गा विश्वकर्मा, कौशल्या यादव, अनीशा खातून सहित 18 पंचायत के सभी दीदी उपस्थित रही।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम महनई पारा निवासी इसमति आ. गुदलू राम पहाड़ी कोरवा (22 वर्ष) शुक्रवार को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### घर में शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार, गई जेल

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने महिला के पास से 21 लीटर शराब जब्त कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम मुखबिर से सूचना मिली कि मणिपुर अंतर्गत दर्रीपारा निवासी सरस्वती साहू अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बना कर बिक्री कर रही है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सरस्वती साहू के घर दबिश दी,,घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में दो चढ़ी भट्ठी पाई गई जिसमें महुआ शराब बन रहा था दूसरे कमरे में 21 लीटर महुआ शराब बरामद किया। आरोपिया सरस्वती साहू के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।



**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## सर्पदंश से मृत दंपती के परिजन को प्रकाश इंडस्ट्रीज ने दी 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम बसकर डालाबहरा में जमीन पर सोए दंपत्ति की सर्पदंश से हुई कथित मौत के मामले में प्रकाश इंडस्ट्रीज एवं ग्राम पंचायत द्वारा परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। ग्राम डालाबहरा निवासी तुलेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी गीता सिंह अपने घर में जमीन पर सोए थे। इस दौरान करैत सांप ने उन्हें डस लिया जिसका दंपत्ति को एहसास भी नहीं हुआ। महिला की झाड़-फूंक करायी गयी। सवेरे 10 बजे दोनों की हालत बिगड़ने पर प्रकाश इंडस्ट्रीज की डिस्पेंसरी में फोन कर तत्काल एंबुलेंस बुलवाया गया और दंपत्ति को भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से सूरजपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर शाम तक अंतिम संस्कार भी परिजन द्वारा कर दिया गया। दंपत्ति की 4 संताने अमिता, नीता, आकाश और प्रकाश हैं जो स्कूल में पढ़ाई करते हैं। आपदा ने उनके सिर से मां बाप का साया छीन लिया। भाजपा नेता रक्षेन्द्र प्रताप सिंह और गोंगपा के नरेंद्र साहू ने तहसीलदार शिव नारायण राठिया के समक्ष चारों मासूमों के आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की पहल करने और परिवार को प्राथमिकता से सीएम आवास और परिवार सहायता योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। तहसीलदार ने इस संबंध में पहल करने की बात कही है। मृतक के पिता

- अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हर संभव मदद का दिया भरोसा



भैयालाल (56साल) 2 साल पहले आग से गंभीर रूप से झुलस गए थे। भैयालाल का इलाज कराने की मांग भी तहसीलदार से की गई है। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दंपत्ति की मृत्यु हो जाने पर 25 हजार का चेक मृतक के पिता भैयालाल को सौंपा है। ग्राम पंचायत बसकर के सरपंच सुरेश सिंह सचिव नरेंद्र कुशवाहा द्वारा पंचायत मद से 4 हजार की सहायता पीड़ित परिवार को दी गई है। इस दौरान जनपद सदस्य इंद्रावती राजवाड़े, पटवारी कुशवाहा, भास्करपारा खदान के डी पात्रा, विजय कुमार देव कुमार राजवाड़े, राम सिंह राजवाड़े, शिक्षक तरूण सिंह, रामनारायण राजवाड़े, विजय सिंह, रामलाल राजवाड़े आदि उपस्थित रहे।

### नशीला इंजेक्शन बेच रहा युवक गिरफ्तार

अम्बिकापुर। शहर के करसू तालाब के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को उड़नदस्ता कार्यालय में मुखबिर से सूचना मिली कि करसू तालाब के समीप सतीपारा निवासी कालू बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन रखा है और बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची घेराबंदी किया। इसी बीच एक हाथ में थैला पकड़े संदिग्ध युवक ने सरकारी गाड़ी को देख भागने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आशीष ठाकुर उर्फ कालू और सतीपारा निवासी बताया। टीम ने उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैला से 30 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम न आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## 12 हाथियों का दल पहुंचा फतेहपुर, पूरी रात मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

विकासखंड उदयपुर के ग्राम फत्तेपुर, हरिहपुर ग्राम पंचायत बीती रात बारह हाथियों का दल नेशनल हाईवे मार्ग 130 तारा को पार कर गांव में पहुंच गया। हाथियों ने पूरी रात क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया और घर सहित फसलों को नुकसान पहुंचाया। इधर हाथियों के गांव में पहुंच जाने से भयभीत ग्रामीणों ने जागकर रात गुजारी।

- तीन घर सहित 5 हेक्टेयर धान फसल को पहुंचाया नुकसान



एचएच 130 तारा को पार कर 12 सदस्यीय हाथियों का दल फतेहपुर, हरिहपुर ग्राम पंचायत में पहुंच गया। हाथियो ने जंगल किनारे साध राम, केश्वर सिंह, सियबर के मकान को तोड़ दिया। साथ ही हाथियों के दल द्वारा नुकसान पहुंचाया गया। रात्रि8 बजे ही हाथियों का दल गांव में पहुंच गया था जिससे गांव वाले पूरी रात रतजगा कर रात गुजारी जिससे किसी प्रकार की कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा 12 किसानों का फत्तेपर, हरिहरपुर के पांच हेक्टर धान के फसल का नुकसान पहुंचाया हैं। घर व फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का दल तड़के नेशनल हाईवे को पार कर पुनः सड़क किनारे प्रेमनगर ब्लाक के जनार्दनपुर जंगल में डटे हुए हैं।एक सप्ताह पूर्व कोरिया जिले से हाथियों का दल प्रेमनगर विकासखंड के मेंड्रा,काटा रोली,जनार्दनपुर,अभयपुर जंगल में डटे रहे। जिसके बाद 30 अगस्त की रात उदयपुर विकास खंड के सरगुजा जिले में प्रवेश किए हैं। हाथियों के दल पर वन विभाग के टीम ने लगातार निगरानी रखें हुए हैं एवं ग्रामीणों को लगातार सतर्क कर रहे हैं। वन विभाग के टीम ने ग्रामीणों से हाथियों को नहीं छेड़ने एवं अपने घरों में महुआ शराब न बनाने की बात कही। नुकसान का आकलन कर मुआवजा बनाने की तैयारी वन विभाग टीम द्वारा किया जा रहा है।